दैनिक भास्कर 22/03/2023

# स्टूडेंट्स को ऑनर किलिंग के दुष्परिणाम बताए



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में लीगल लिटरेसी सेल की तरफ से रैली निकाली गई। रैली में कॉलेज के सभी विभागों के स्टूडेंट्स ने पोस्टर्स के माध्यम से ऑनर किलिंग के विषय पर लोगों को जागरूक किया। रैली की शुरुआत प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र कुंडू ने ऑनर किलिंग के दुष्परिणाम के बारे में बच्चों को बताया। डॉ. मीनू राठी, डॉ. सरोज बाला व डॉ. नीना कुमारी उपस्थित रहीं।